**GREEN LAWNS HIGH SCHOOL**

**FINAL EXAMINATION -2023 -2024**

**SUBJECT – HINDI**

**CLASS – 6 A,B,C** **MARKS – 80**

**TIME – 2 HOURS** **DATE –**

---

**NOTE : प्रश्न 1 से 4 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर आंसर शीट पर ही लिखिए और प्रश्न 5 से 9 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर question paper पर ही लिखिए**

**SECTION – A**

प्रश्न1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में निबंध लिखिए - [10]

(i ) विद्यार्थी जीवन में समय का महत्व

(ii ) मेरा प्रिय मित्र

(iii ) मोबाइल फोन से लाभ एवं हानि

(iv ) पेड़- पौधों का जीवन में महत्व

प्रश्न 2) निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। [7]

I ) चाचा जी को जन्मदिन के उपहार का धन्यवाद करने के लिए पत्र लिखिए।

**अथवा**

ii ) भाई के विवाह में सम्मिलित होने के लिए प्रधानाचार्य को चार दिन का अवकाश हेतु आवेदन पत्र ।

प्रश्न3) नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। [10]

रात का समय था, चारों ओर घुप्प अंधेरा छाया हुआ था। केवल एक ही कमरा प्रकाशित था,वहाँ चार मोमबत्तियाँ जल रही थी।

चारों मोमबत्तियाँ एकांत देख आपस में बातें करने लगी। पहली मोमबत्ती बोली, "मैं शांति हूँ, जब मैं इस दुनिया को देखती हूँ, तो बहुत दु:खी होती हू। चारों ओर आपा-धापी, लूट-खसोट और हिंसा का बोलबाला है। ऐसे में यहाँ रहना बहुत मुश्किल है। मैं अब यहाँ और नहीं रह सकती," इतना कहकर मोमबत्ती बुझ गई।

दूसरी मोमबत्ती भी अपने मन की बात कहने लगी, "मैं विश्वास हूँ। मुझे लगता है कि झूठ, धोखा, फरेब, बेईमानी मेरा वजूद ख़त्म करते जा रहे हैं। ये जगह अब मेरे लायक नहीं रही. मैं भी जा रही हूँ." इतना कहकर दूसरी मोमबत्ती भी बुझ गई। तीसरी मोमबत्ती भी दु:खी थी। वह बोली, "मैं प्रेम हूँ। मैं हर किसी के लिए हर पल जल सकती हूँ। लेकिन अब किसी के पास मेरे लिए वक़्त नहीं बचा। स्वार्थ और नफरत का भाव मेरा स्थान लेता जा रहा है। लोगों के मन में अपनों के प्रति भी प्रेम-भावना नहीं बची।

अब ये सहना मेरे बस की बात नहीं। मेरे लिए जाना ही ठीक होगा।। कहकर, तीसरी मोमबत्ती भी बुझ गई.

तीसरी बत्ती बुझी ही थी कि कमरे में एक बालक ने प्रवेश किया. मोमबत्तियों को बुझा हुआ देख उसे बहुत दुःख हुआ। उसकी आँखों से आँसू बहने लगे. दु:खी मन से वो बोला, "इस तरह बीच में ही मेरे जीवन में अंधेरा कर कैसे जा सकती हो तुम। तुम्हें तो अंत तक पूरा जलना था। लेकिन तुमने मेरा साथ छोड़ दिया। अब मैं क्या करूंगा?"

बालक की बात सुन चौथी मोमबत्ती बोली, "घबराओ नहीं बालक। मैं आशा हूँ और मैं तुम्हारे साथ हूँ। जब तक मैं जल रही हूँ, तुम मेरी लौ से दूसरी मोमबत्तियों को जला सकते हो।"चौथी मोमबत्ती की बात सुनकर बालक का ढाढस बंध गया। उसने आशा के साथ शांति, विश्वास और प्रेम को पुनः प्रकाशित कर लिया। *जीवन में समय एक सा नहीं रहता, कभी उजाला रहता है, तो कभी अँधेरा । जब जीवन में अंधकार आये, मन अशांत हो जाये, विश्वास डगमगाने लगे और दुनिया पराई लगने लगे. तब आशा का दीपक जला लेना। जब तक आशा का दीपक जलता रहेगा, जीवन में कभी अँधेरा नहीं हो सकता। आशा के बल पर जीवन में सबकुछ पाया जा सकता है. इसलिए आशा का साथ कभी ना छोड़े।*

i ) पहले मोमबत्ती ने दूसरी मोमबत्ती से क्या कहा समझा कर लिखिए ?

ii ) दूसरी मोमबत्ती ने तीसरी मोमबत्ती से क्या कहा लिखिए ?

iii ) तीसरी मोमबत्ती ने चौथी मोमबत्ती से क्या कहा लिखिए ?

iv ) बालक क्यों रोने लगा और उसेने चौथी मोमबत्ती से क्या समझाया ?

v ) आपने इस कहानी से क्या सीखा ?

**[ नवभारती ]**

प्रश्न4) (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [15]

I) एमी का पत्र छपने के बाद लोगों की क्या प्रतिक्रिया रही? अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) पत्रों के परिवेश के बारे में दीदी ने क्या समझाया?

iii) पवन पुत्र हनुमान जानबूझकर बंदी क्यों बन गए?

iv) लव कुश अश्वमेध घोड़े को छोड़ने के लिए क्यों नहीं तैयार थे ?

v) वातावरण को स्वच्छ और शीतल बनाए रखने के लिए पेड़ - पौधे किस प्रकार सहायक है? नदी, सागर, तालाब आदि को साफ सुथरा रखने से क्या होगा ?

रंगमंच

प्रश्न 4) (ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [6]

I) बालक का नाम छोटा जादूगर क्यों पड़ा ?

II) लेखक ने छोटे जादूगर की झोपड़ी में क्या देखा ?

III) छोटा जादूगर एक रुपए से क्या खरीदना चाहता था ?

**सूचना ; प्रश्न पत्र के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्न के आगे दिए गए रिक्त स्थान में ही लिखिए**

**नाम :** **कक्षा :** **अनुक्रमांक :**

प्रश्न 5) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए- [5]

i) वाल्मीकि कौन थे ?

---------------------------------------------------------------------------------------------------------

ii) बापू का सपना पूरा करने से क्या होगा?

---------------------------------------------------------------------------------------------------------

iii) 14 वर्ष के वनवास के बाद श्री राम ने सीता मैया को वनवास के लिए क्यों भेजा ?

---------------------------------------------------------------------------------------------------------

iv) क्यों - जी मल और कैसे - कैस लिया कौन थे ?

---------------------------------------------------------------------------------------------------------

v) एमी खुद को नितांत अकेला कब पाती थी ?

___

प्रश्न 6) शब्दार्थ लिखिए - [3]

i) व्यापक - ________________ ii) परिवेश - ________________

iii) मौका - ________________ iv) प्रहार - ________________

v) मूर्छित - ________________ vi) परिधान - ________________

प्रश्न 7) किसने - किससे कहा लिखिए । [2]

i) 'लेकिन मेरे हाथ तो बंधे हैं'।

________________________ ________________________

ii) 'देश के लिए।' वह गर्व से बोला ।

________________________ ________________________

प्रश्न 8) निम्नलिखित वाक्यों में से सही के सामने 'सही' तथा गलत के सामने 'गलत' लिखिए । [2]

I ) युद्ध के क्षेत्र में माया मोह के जाल में फसना धर्म है । [ ]

ii इस कविता में बापूमहात्मा गांधी जी को कहा गया है । [ ]

iii) क्यों जी मालऔरकैसे कैश लियादोनों दोस्त थे । [ ]

iv) छोटा जादूगर के पिता जेल में बंद थे । [ ]

प्रश्न 9) निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

1) निम्नलिखित शब्दों के **दो दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए- [3]

i ) मछली - ____________________, ______________________

ii) सूर्य - ______________________, ________________________

iii) हाथी - _____________________, ________________________

2) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - [3]

I ) रक्षक x ____________________ ii) मोक्ष x ____________________

iii) तेजी x ___________________ iv) बुराई x ____________________

v) भारी x ____________________ vi) लाभ x _____________________

3) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए एक शब्द लिखिए - [4]

I) दूसरों पर उपकार करने वाला - ________________________________

ii) मास में एक बार घटना वाला - _________________________________

iii) जिसमें सहने की शक्ति हो - __________________________________

Iv) जिसने कोई अपराध न किया हो - ______________________________

4)निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए -

[4]

i) दाल में कुछ काला होना - ________________________________________

ii) बाएं हाथ का खेल होना - ________________________________________

iii) श्री गणेश करना - __________________________________________

iv) हवा से बात करना - ____________________________________________

5) निम्नलिखित वाक्यों में से कारक पहचान कर उसके भेद लिखिए - [3]

I) पेड़ से पत्ते गिर रहे है . _________________________________

ii) अरे भाई मेरी मदद करो _________________________________

iii) माँ ने गरीबों के लिए खाना बनाया ___________________________

6) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए - [3]

I) ईमानदारी - ________________________________

ii) मिठास - _________________________________

iii) पेट - _________________________________

iv) खेलना - _________________________________

v) पढ़ना - __________________________________

vi) ऊपर - __________________________________